

नवभारत
इंदौर, रविवार, 12 जुलाई 2026
11

## एक नजर में

### एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी जांच पर दिया जोर

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति की उपसंचालक डॉ. राधिका गुप्ता ने शनिवार को मिशन एड्स सुरक्षा अभियान की मासिक समीक्षा बैठक लेकर एचआईवी संक्रमण की रोकथाम एवं मातृ-शिशु संक्रमण रोकने के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस-बी की जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि संक्रमण शिशु तक न पहुंचे। बैठक में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के 95-95-95 लक्ष्य की प्रगति पर चर्चा की गई। डॉ. गुप्ता ने एचएमआईएस पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों में आ रही विसंगतियों को दूर करने तथा सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल स्थित आईसीटीसी, एआरटी सेंटर एवं ब्लड बैंक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत, सहायक संचालक वैभव पाटील, डॉ. निशांत शर्मा, डॉ. कमलेश कुमावत, डॉ. अभिषेक जैन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न परियोजनाओं के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जैन मूर्तिपूजक संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर।** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को संयोजक एवं चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र लोढ़ा तथा अध्यक्ष संजय जैन (श्वेता) ने की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित टीम जैन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएगी। घोषित कार्यकारिणी में अमित छिंगावत, प्रदीप लोढ़ा, जयेश डांगी, प्रवीण मुरड़िया एवं अजय फांफरिया को महामंत्री बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर नरेश जैन सहित कई सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। राकेश सुराणा को कोषाध्यक्ष, नितेश संघवी को सह-कोषाध्यक्ष, विजयेन्द्र फांफरिया को प्रवक्ता, श्रीमती रश्मि दिलीप जेतावत को महिला प्रधान तथा मयूर सुराणा को युवा प्रधान नियुक्त किया गया है। इसके अलावा संघ ने विभिन्न प्रकोष्ठों एवं समितियों के लिए बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, समन्वयकों, मंत्रियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं सेवा प्रकल्प से जुड़े सदस्यों की नियुक्ति भी की है। नई कार्यकारिणी के गठन पर समाजजनों ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### आज मासिक जिला बैठक सीतामऊ में

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार नियमित मासिक बैठकों के क्रम में भाजपा जिला मंदसौर की मासिक जिला बैठक आज, 12 जुलाई 2026, प्रातः 10:00 बजे सीतामऊ स्थित वृंदावन रिजॉर्ट में आयोजित होगी। बैठक भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य एवं जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों, अभियान, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सेवा गतिविधियों तथा विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जाएंगे। बैठक में अपेक्षित श्रेणी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि गण पार्टी पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण आदि उपस्थित रहेंगे।

### इंस्टालेशन एवं रिपेयरिंग की ट्रेनिंग 15 जुलाई से प्रारंभ

**मंदसौर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान प्रबंधक द्वारा बताया गया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर द्वारा निःशुल्क 30 दिवसीय रेफ्रीजरेटर एंड एयर कंडीशनिंग इंस्टालेशन एवं रिपेयरिंग की ट्रेनिंग पुरुषों हेतु 15 जुलाई 2026 से प्रारंभ। 18 से 50 वर्ष वाले इच्छुक प्रत्याशी अपना रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द करवा लेवे जिससे उनका स्थान सुरक्षित हो जाए। प्रत्याशी अपने साथ दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम मार्कशीट और बैंक खाते की डिटेल फोटो प्रति लेकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी के लिए सर्किट हाउस के पहले नई आबादी पुलिस थाने के पास ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी) में प्रातः 10 से शाम 5 बजे कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

# उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर में फलदार 200 पौधों का रोपण किया

**मंदसौर। पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर के विकास तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा शनिवार, 11 जुलाई 2026 को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने आम, अमरूद, आंवला, जामुन, नींबू तथा अन्य फलदार 200 पौधों का रोपण किया। पौधारोपण के उपरांत पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं वैज्ञानिक देखभाल सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष मानव जीवन, कृषि एवं पर्यावरणीय संतुलन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र एवं जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण से ही संभव है। उद्यानिकी के विद्यार्थियों की भूमिका इस दिशा में विशेष रूप से




महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे केवल पौध उत्पादन की तकनीक ही नहीं सीखते, बल्कि हरित विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के दूत भी बनते हैं।।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप तुरुकमाने ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय में संचालित ग्रीन ग्रेजुएट प्रोग्राम की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग, जैव विविधता संवर्धन, जल एवं मृदा संरक्षण, स्वच्छ परिसर, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन तथा पौधारोपण एवं पौध संरक्षण जैसी गतिविधियों से जोड़ा जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी एवं व्यवहारिक रूप से जागरूक नागरिक के रूप में विकसित करना है। ग्रीन ग्रेजुएट प्रोग्राम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक जीवन में हरित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे वे समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रभावी संदेशवाहक बन सकें। ग्रीन ग्रेजुएट प्रोग्राम (Green Graduate Program) एक अनूठी पहल है। इसका मुख्य लक्ष्य युवाओं को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूक करना है छात्रों को कॉलेज या विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई के दौरान पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का काम सौंपा जाता है।

**पौधा लगाना:** कॉलेज में प्रवेश लेते ही प्रत्येक छात्र को एक पौधा लगाना होता है।

**देखभाल:** छात्र को अपनी पूरी पढ़ाई (जैसे 3 या 4 साल) के दौरान उस पौधे की नियमित रूप से देखभाल करनी होती है।

**सत्यापन:** पौधे के बड़े होने पर समय-समय पर उसकी तस्वीरें और स्थिति विश्वविद्यालय को देनी पड़ती है। विशेष डिग्री: सभी शर्तों को पूरा करने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय से जो डिग्री या मार्कशीट मिलती है, उस पर 'ग्रीन ग्रेजुएट' (Green Graduate) अंकित होता है। जिम्मेदारी की भावना: यह छात्रों को प्रकृति के करीब लाता है और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी बढ़ाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से लगाए।

## आत्मिक स्तवन से सराबोर रही चंदनबाला महिला मंडल की मासिक बैठक

**मन्दसौर।** चंदनबाला महिला मंडल की मासिक बैठक उत्साह एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई। बैठक के दौरान एक रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बहनों ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में दीपा मारू, रेखा लाबरिया, प्रतिभा तरवेचा, इंद्रा रांका, मंजू क़ीमती, इंदू चौधरी, सीमा चौरड़िया, अनिता मारू एवं नीता चपलोत ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान दीपा मारू, द्वितीय स्थान अनिता मारू तथा तृतीय स्थान सीमा चौरड़िया ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निष्पक्ष निर्णय अतिथि निर्णायक स्वाति रिछावरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शशि मारू ने आत्मिक स्तवन की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी बहनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। मंडल की सभी बहनों की सक्रिय उपस्थिति एवं सहभागिता ने कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अध्यक्ष श्रद्धा कटारिया, सचिव साधना जैन तथा मंत्री रेखा लाबरिया ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं उपस्थित बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मल्हारगढ़ के पामाखेड़ा में उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने पीड़ित परिवार को पहुँचाई तत्काल राहत

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पामाखेड़ा पहुंचकर हाल ही में क्षतिग्रस्त हुए ओमप्रकाश मालवीय के निवास का निरीक्षण किया तथा परिवारजनों से भेंट कर स्थिति जानकारी ली। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक जगदीश देवड़ा के निर्देश एवं मार्गदर्शनानुसार पीड़ित परिवार को मानवीय आधार पर तत्काल नगद सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग के लिए उनके साथ



खड़ी है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर प्रकरण में आवश्यक सर्वे एवं नियमानुसार शीघ्र राहत सहायता शासकीय कोष से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पीड़ित परिवार को शासन की समस्त पात्र योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र राहत मिल सके। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देशों की जानकारी भी दी गई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मल्हारगढ़ मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय सहित मंडल एवं शक्ति केंद्र के पदाधिकारी तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सकल जैन समाज के तत्वावधान में शर्मा परिवार ने किया वात्सल्य धाम में सेवा कार्य

**मंदसौर।** 11 जुलाई 2026 शनिवार को सकल जैन समाज के तत्वावधान में शहर के शर्मा परिवार ने स्वर्गीय भवानी शंकर शर्मा की स्मृति में वात्सल्य धाम (वृद्धाश्रम) में सेवा कार्य किये जिसके अंतर्गत शर्मा परिवार द्वारा वात्सल्य धाम के मुख्य हॉल की मरम्मत करवाई एवं उसे पहले से बेहतर बनाया वहीं पूरे वात्सल्य धाम परिसर में सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से लगवायें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष प्रितेश चावला, नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला, सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला एवं लाभार्थी परिवार की श्रीमती प्रेमलता देवी शर्मा एवं प्रो. सचिन शर्मा व (अंग्रेजी विभाग पीजी कॉलेज मंदसौर) श्रीमती मनीषा जी शर्माव केंद्रीय विद्यालय से अनिल कुमार मंचासिन थे।

स्वागत उद्बोधन देते हुए सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने बताया कि स्व श्री भवानी शंकर शर्मा जी ने वर्ष 1982 से 2020




तक राजस्थान के नीमथाना में अंग्रेजी के प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दी आपने कई निर्धन बच्चों को अंग्रेजी से जोडा और उनका भविष्य संवारा आपके दिये हुए संस्कारों को आज उनके पुत्र सचिन शर्मा जी आगे बढ़ा रहेहै। 11 फरवरी को श्री भवानी शंकर शर्मा का देहांत हुआ था इसलिए प्रत्येक माह की 11 तारीख को शर्मा परिवार द्वारा सेवा प्रकल्प का संकल्प लिया गया है इसी क्रम में आज 11 जुलाई को शर्मा परिवार द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित वात्सल्य धाम में हॉल की मरम्मत करवाई गए एवं सुरक्षा की दृष्टि सम्पूर्ण परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवायें गये। वाकई में यह कार्य बेहद पुनीत एवं अनुमोदनीय सकल जैन समाज आपके कार्यो की अनुमोदना करते हुए सरहाना करता है।

इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत सकल जैन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया एवं इस सेवा कार्यो में सहयोग प्रदान करने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने वाले लोकेश मीणा, हॉल की मरम्मत करने वाले कयुम का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सीसीटीवी लगाने वाले लोकेश मीणा ने भी सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से लाभार्थी शर्मा परिवार को धन्यवाद पत्र भी सौंपा गया।

## नीमच

## एक नजर में

### सर्प दंश से युवक की मौत

**सिंगोली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़ी में शुक्रवार रात को सर्प दंश से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बड़ी के ग्राम सुतारों की बड़ी के निवासी दिनेश पिता श्यामलाल गुर्जर उम्र 22 वर्ष को शुक्रवार की रात जहरीले सर्प ने काट लिया इस पर परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली लेकर पहुंचे जहां से युवक को प्राथमिक उपचार कर अन्यत्र लेकर जा रहे थे इसी दौरान युवक दिनेश की रास्ते में ही मौत हो गई मृतक युवक दिनेश गुर्जर ग्राम पंचायत बड़ी स्थित सौर ऊर्जा प्लांट में गार्ड के पद पर कार्य करता था। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्ट मार्टम व्रत प्रमाण पत्र प्रमाण पत्र करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया व मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।



### जिले में अब तक औसत 258.2 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 258.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 315.1 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 11 जुलाई 2026 की प्रातः 8 बजे तक जिले की चारों तहसीलों में वर्षा का विवरण इस प्रकार है- नीमच में 333.0 मि.मी., जावद में 239.0 मि.मी., सिंगोली में 240.9 मि.मी. तथा मनासा में 220.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 293.6 मि.मी., जावद में 330.0 मि.मी., सिंगोली में 437.0 मि.मी. तथा मनासा में 200.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। इसी प्रकार, 11 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे तक बीते 24 घंटों में जिले में औसतन वर्षा रिकॉर्ड नहीं की गई। इस दौरान नीमच, जावद, मनासा एवं सिंगोली में वर्षा दर्ज नहीं की गई।


### मनीषा धाकड़ नीमच भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनीं

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और आगामी चुनावी तैयारियों के मद्देनजर महिला मोर्चा में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। प्रदेश नेतृत्व की सहमति और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया की अनुशंसा पर शुक्रवार देर रात 22 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की गई। इस सूची में नीमच जिले के लिए मनीषा धाकड़ (भोलियावास) को भाजपा महिला मोर्चा का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने मनीषा धाकड़ पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिले में महिला मोर्चा को और अधिक सक्रिय, ऊर्जावान तथा मजबूत बनाने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति महिला विंग को जमीनी स्तर पर सशक्त करने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। मनीषा धाकड़ का पुराना राजनीतिक अनुभव रहा है। वे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण धाकड़ की पोती हैं। भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों और जमीनी स्तर पर लंबे समय से सक्रिय रहने के कारण ही पार्टी आलाकमान ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि मनीषा धाकड़ की इस नियुक्ति से नीमच जिले में महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत करने में मदद मिलेगी। साथ ही, आधी आबादी के बीच सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और संगठन विस्तार को एक नई गति प्राप्त होगी। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जारी इस नई नियुक्ति सूची में मध्य प्रदेश के कई अन्य महत्वपूर्ण जिलों में भी फेरबदल किया गया है। चुनावी मोड में आ चुकी भाजपा अब महिला विंग को सबसे आगे रखकर मैदान में उतरने की तैयारी में है। इस नियुक्ति की खबर मिलते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

# गूंजा सनातन का शंखनाद, आचार्य कैलाशानंद गिरी के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**नीमच।** सावन मास की पूर्व संध्या पर शनिवार को नीमच सनातन आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। अटल बिहारी वाजपेयी सभागार (टाउन हॉल) में आयोजित विराट सनातन राष्ट्र धर्मसभा एवं संत समागम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सभागार पूरी तरह श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया, जबकि बड़ी संख्या में लोग बाहर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से संतों के दर्शन एवं प्रवचन सुनते रहे। जय-जय श्रीराम, हर-हर महादेव और भारत माता की जय के उद्घोषों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।

धर्मसभा में देश के प्रख्यात संत, अखाड़ा परिषद के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, समाजसेवी तथा हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में अपने आराध्य संतों के



दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने की अद्भुत श्रद्धा एवं उत्साह देखने को मिला।

**महादेव की विशेष कृपा है नीमच पर : आचार्य कैलाशानंद गिरी:** परम् शिव उपासक, ब्रह्मनिष्ठ परिव्राजकाचार्य एवं आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री कैलाशानंद गिरी जी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं आध्यात्मिक उद्बोधन में कहा कि नीमच केवल एक शहर नहीं, बल्कि धर्म और आध्यात्मिक चेतना की पावन भूमि है। इस नगरी पर भगवान महादेव की विशेष कृपा सदैव बनी हुई है। उन्होंने कहा कि संत स्वयं कुछ नहीं करते, बल्कि उनसे जो भी कार्य होता है, वह भगवान शिव की प्रेरणा और कृपा से होता है। ईश्वर को सबसे अधिक प्रिय मनुष्य का पूर्ण आत्मसमर्पण है। ।आचार्य श्री ने श्रावण मास की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह महीना भगवान शिव की उपासना का श्रेष्ठ समय है।।

आचार्य कैलाशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि श्रावण मास प्रारंभ होने से ठीक पहले आयोजित यह धर्मसभा स्वयं इस बात का प्रमाण है कि नीमच की जनता धर्म और अध्यात्म के प्रति गहरी आस्था रखती है। ।धर्मसभा को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत श्री रविंद्रपुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी मधुसूदनानंद गिरी जी महाराज, जयपुर के हवामहल क्षेत्र के विधायक एवं संत बालमुकुंद आचार्य, सांसद सुधीर गुप्ता, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार तथा पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने संबोधित किया।.

### नीमच की धार्मिक पहचान को मिली नई ऊंचाई

आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक प्रवचन कराना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का संरक्षण, राष्ट्र चेतना का जागरण, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रसार करना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी संत-महात्माओं, अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, सहयोगकर्ताओं एवं हजारों श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस ऐतिहासिक धर्मसभा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि नीमच केवल सीमावर्ती जिला ही नहीं, बल्कि सनातन आस्था, धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं का भी एक सशक्त केंद्र है। श्रद्धालु देर तक 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ संतों का आशीर्वाद प्राप्त करते रहे।

### भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की बैठक आज

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर एक आवश्यक बैठक आज दिनांक 12 जुलाई रविवार को दोपहर 3:00 बजे वात्सल्य भवन नीमच पर आयोजित की जा रही है। बैठक में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक माधव मारू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण, जिला पंचायत, जनपद, नगर पालिका जनप्रतिनिधि, जिले के पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, अपेक्षित श्रेणी के सभी पार्टी सदस्यगण भाग लेंगे। उपरोक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा दी गई।

## मनासा में 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की द्वितीय रथ यात्रा

**मनासा।** धर्मनगरी मनासा में एक बार फिर भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति का उल्लास देखने को मिलेगा। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) नीमच के तत्वावधान में श्री जगन्नाथ मंदिर द्वारा 16 जुलाई, गुरुवार को द्वितीय श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1.30 बजे बद्रीविशाल मंदिर, गांधी चौक से प्रारंभ होने वाली यह रथ यात्रा पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर देगी। रथ यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा जी की सुसज्जित प्रतिमाओं को भव्य रथ पर विराजित कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। यात्रा बद्रीविशाल मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, सदर बाजार, आनंद हलवाई, विजय लंच, शासकीय अस्पताल मार्ग, रामाबाग स्थित अन्नपूर्णा मंदिर होते हुए कागमल चौराहा तक पहुंचेगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव समिति एवं नगर के धर्मप्रेमी नागरिक सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस्कॉन नीमच से जुड़े रघुनाथ प्रभुजी एवं विशाल प्रभुजी के नेतृत्व में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि रथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

**एक नजर** | तंबोली समाज नवयुवक मंडल जिला नीमच द्वारा आज कुकड़ेश्वर में होगा प्रेरणादायी सेमिनार

## कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास से युवाओं को मिलेगी नई दिशा

**कुकड़ेश्वर।** तंबोली समाज नवयुवक मंडल, जिला नीमच के तत्वावधान में रविवार, 12 जुलाई 2026 को कुकड़ेश्वर स्थित तंबोली समाज धर्मशाला में कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार का उद्देश्य समाज के विद्यार्थियों एवं युवाओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार, स्वरोजगार तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित एवं मार्गदर्शित करना है। जिला अध्यक्ष महेश 'मोनू' मोदी ने बताया कि वर्तमान समय में युवाओं के सामने



सही कैरियर का चयन सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे में यह सेमिनार विद्यार्थियों और युवाओं को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप सही दिशा देने का महत्वपूर्ण प्रयास होगा। कार्यक्रम में अनुभवी वक्ता एवं विशेषज्ञ कैरियर चयन, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, महिला जागरूकता तथा सफलता के व्यावहारिक सूत्रों पर विस्तार से मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार के माध्यम से युवाओं को केवल रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी ही नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक सोच, प्रभावी व्यक्तित्व और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के विद्यार्थी, युवा, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। महेश मोनू मोदी ने समाज के सभी पंजीकृत विद्यार्थियों, युवाओं एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सेमिनार का लाभ उठाने की अपील की है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन समाज के युवाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।